## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–04.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. झारखंड में रेलवे का बजट 16 गुना बढ़ा, 100 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा, धनबाद रेल मंडल को 17 दशमलव 43 मिलियन टन माल ढुलाई के साथ देश में मिला पहला स्थान।

2. दुमका से जल्द शुरू होगी हवाई सेवा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– छोटे शहरों को जोड़ने की योजना जारी।

3. खूंटी पुलिस को अवैध अफीम की खेती के खिलाफ मिली बड़ी कामयाबी, तीन लोग गिरफ्तार।

4. राज्य में फिर दिखेगा पश्चिमी विक्षोभ का असर, आज और कल छा सकते हैं आंशिक बादल।
5. रांची में आयोजित झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप में खूंटी के खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण और एक रजत पदक जीते, निराली गुड़िया और अमर उरांव को मिला दोहरा स्वर्ण।

*****************

झारखंड में पिछले 10 वर्षों में रेलवे बजट 16 गुना बढ़कर चार सौ सन्तावन करोड़ से 7 हजार तीन सौ दो करोड़ रुपये हो गया है। कल रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि राज्य में रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है और 34 नई रेल परियोजनाओं पर छप्पन हजार छह सौ चौरानबे करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। झारखंड से 12 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है और 57 अमृत स्टेशनों का विकास दो हजार एक सौ चौतीस करोड़ रुपये की लागत से जारी है। साथ ही रांची, हटिया और टाटानगर स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने पर एक हजार एक सौ सैंतालीस करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

*****************

इधर धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिंहा ने जानकारी देते हुए बताया कि धनबाद रेलवे मंडल ने 17 दशमलव 43 मिलियन टन लोडिंग दर्ज कर नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश में मिला पहला स्थान प्राप्त किया है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दुमका हवाई अड्डे से जल्द हवाई सेवा शुरू की जाएगी। इसको लेकर झारखंड सरकार ने कैबिनेट में प्रस्ताव पास किया है। स्थानीय विधायक बसंत सोरेन ने मुख्यमंत्री को हवाई सेवा शुरू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है।

*****************

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बसंत पंचमी के अवसर पर तीसरे अमृत स्नान के दौरान कल दो करोड़ 33 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई।

*****************

रांची में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एन पी एंड एनसीपी के अंतर्गत झारखंड राज्य में सामान्य कैंसर के व्यापक स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी, आज सुबह 10 बजे रांची के नामकुम स्थित आईपीएच ऑडिटोरियम में इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग की पहल पर आयोजित किया जा रहा है।

*****************

अवैध अफीम की खेती के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में खूंटी पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने सोयको थाना क्षेत्र के अनीडीह और पीड़िहातू और मुरहू थाना क्षेत्र के मुरूद गांव से तीन लोगों को गिरफ्तार किया और अफीम के खेतों को नष्ट कर दिया। डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि सभी गिरफतार अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

****************

लोहरदगा जिले में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में 50 अधिवक्ताओं और अधिवक्ता लिपिकों को ऑनलाइन फाइलिंग और ई–कोर्ट कार्य पद्धति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान डिजिटल फाइलिंग की प्रक्रिया, ई–कोर्ट के लाभ और पंजीकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएसए महेश प्रसाद सिन्हा और डालसा सचिव राजेश कुमार समेत अन्य ने भी भाग लिया।

****************

गुमला जिले में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा चार योजनाओं के लिए कुल 14 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है ।

****************

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर फिर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है कि राज्य के उत्तरी और मध्य भागों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है, साथ ही आज और कल सुबह के समय धूंध भी देखने को मिलेगा।

****************

रांची में आयोजित झारखंड स्टेट अंडर–21 सीनियर कराटे चैंपियनशिप में खूंटी के कराटेकारों ने सात पदक जीते। सीनियर महिला वर्ग में निराली गुड़िया और अमर उरांव ने काता और कुमिते दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया। अभिषेक तिड़ु ने 67 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। ये खिलाड़ी मार्च में हैदराबाद में होने वाली राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

****************

<u>और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने झारखंड को रेल बजट में मिली सौगात की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है – अनुराग गुप्ता बने झारखंड के डीजीपी अभी प्रभारी थे ।

दैनिक जागरण ने लिखा है त्रिवेणी पर उठी वासंतिक हिलोर ।

हिंदुस्तान ने लिखा है रांची और हटिया स्टेशन पर सुविधाएं और बढ़ेगी रेल बजट झारखंड में परियोजनाओं के विकास को मिले 7302 करोड़ ।

प्रभात खबर ने अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है डीआरएम कार्यालय में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पत्रकारों से हुए से रूबरू हुए रेल मंत्री, बजट में झारखंड रेलवे को 7 हजार तीन सौ दो करोड़, बिछ रही है तीन हजार दो सौ इक्यावन किलोमीटर नई रेल लाइन

रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हवाले से लिखा है महिलाओं को सशक्त बना रही राज्य सरकार ।

****************